# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

**A State University-Govt. of Uttar Pradesh, NAAC A++ Accredited, ISO 9001:2015 & ISO 14001:2015 Certified**

पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि. / सम्ब. / 2025 / 711-721 दिनांक : 07.11.2025

## सूचना

**उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिये नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय–सारणी।**

उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या–1355 / 70–2099 / 28 / 2025 पार्ट–2 दिनांक 06 नवम्बर, 2025 के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिये अनापत्ति एवं सम्बद्धता हेतु नये ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यायलों द्वारा उनके ऑनलाइन निस्तारण हेतु निम्नवत् समय–सारणी निर्धारित की गयी है–

| क्र0 | कार्यवाही | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि। | **दिनांक 06 नवम्बर, 2025 से 15 दिसम्बर, 2025 तक** |
| 2 | विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना। | **दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 से 20 जनवरी, 2026 तक।**<br>(1) अनापत्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से 07 दिन के अन्दर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को सत्यापन हेतु प्रेषित कर दिया जायेगा।<br>(2) तदोपरान्त जिलाधिकारी प्रस्ताव प्राप्त होने के अधिकतम एक माह के अन्दर सत्यापन रिपोर्ट सम्बन्धित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन प्रेषित कर देंगे। |
| 3 | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना। | **दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक।** |
| 4 | ऑनलाइन अनापत्ति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अंतिम तिथि। | **दिनांक 10 फरवरी, 2026 तक।** |
| 5 | शासन में अपील निस्तारित करने की अंतिम तिथि। | **दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक।** |
| 6 | निरीक्षण मण्डल का गठन। | **दिनांक 05 मार्च, 2026 तक।**<br>(1) अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2026 तक निरीक्षण मण्डल का गठन के सम्बन्ध में आवेदन किया जायेगा।<br>(2) तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 05 मार्च, 2026 तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा। |
| 7 | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | **दिनांक 05 अप्रैल, 2026 तक।** |
| 8 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि। | **दिनांक 20 अप्रैल, 2026 तक।** |
| 9 | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | **दिनांक 10 मई, 2026 तक।** |
| 10 | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | **दिनांक 31 मई, 2026 तक।** |

**ऑनलाइन पोर्टल लिंक–https://henoc.upsdc.gov.in (लिंक को Mozilla Firefox पर खोला जाये)**

**कुलसचिव**

**पत्रांक एवं दिनांक तदैव।**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. जिलाधिकारी (बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर)।
2. वित्त अधिकारी।
3. परीक्षा नियन्त्रक।
4. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक / निदेशक / सचिव, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, एम0जे0पी0रू0वि0, बरेली।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली।
6. मीडिया प्रभारी।
7. उप कुलसचिव, सम्बद्धता।
8. निजी सचिव–कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
10. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

M. Singh

उप–कुलसचिव